भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

28 अप्रैल, 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा कर्नाटक के ईलकल (हुनगुंड विधानसभा, बगलकोट) और टिकोटा (बबलेश्वर विधानसभा, विजयपुरा) में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

कर्नाटक की जनता सिद्धारमैया सरकार को बदलने का मन बना चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कर्नाटक में सशक्त येदुरप्पा सरकार का गठन तय है

****

राहुल गांधी मोदी सरकार के चार साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रहे हैं लेकिन देश की जनता राहुल गांधी से कांग्रेस की चार पीढ़ियों का हिसाब मांग रही है

****

राहुल गांधी सिद्धारमैया के भरोसे कर्नाटक में चुनाव जीतना चाहते हैं लेकिन वे खुद अपनी सीट छोड़ कर भाग गये। वे भला कांग्रेस पार्टी को क्या जिता पायेंगे?

****

जनता के कोप से डर कर सिद्धारमैया अपनी सीट बदल रहे हैं, वे चाहे जहां से भी खड़े हो जाएं, कर्नाटक की जनता उन्हें माफ़ नहीं करनेवाली है। बादामी से भी सिद्धारमैया की हार तय है

****

मोदी सरकार कर्नाटक के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले चार सालों में केंद्र की भाजपा सरकार ने इसे सिद्ध कर के दिखाया है। आजादी के बाद कर्नाटक के विकास के लिए यदि किसी केंद्र सरकार ने 4 साल में सबसे ज्यादा काम किया है तो वह मोदी सरकार है

****

मोदी सरकार ने कर्नाटक को केन्द्रीय अनुदान के रूप में दिये गये 2,19,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त विभिन्न परियोजनाओं में 80 हजार करोड़ रुपये अलग से दिये हैं लेकिन यह पैसा राज्य की जनता की भलाई के बजाय सिद्धारमैया सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है

****

केंद्र सरकार की योजनाओं को इम्प्लीमेंट करने में यदि कोई राज्य सरकार सबसे ज्यादा विफल रही है तो वह कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार है

****

मोदी सरकार ने किसानों की भलाई और उनके जीवन-स्तर में सुधार लाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को फसल की लागत का डेढ़ गुना करने का निर्णय लिया है जो किसानों की आय को दुगुना करने में एक क्रांतिकारी कदम है

****

सिद्धारमैया सरकार के पिछले चार सालों में कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 24 से अधिक कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई लेकिन सिद्धारमैया सरकार शर्मनाक तरीके से चुप रही और हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं

****

सिद्धारमैया जी, आप हत्यारों को जितना भी छुपाना चाहो लेकिन वे बचेंगे नहीं, आपकी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है, राज्य में येदुरप्पा सरकार के बनते ही हत्यारों को कानून के माध्यम से कड़ी सजा दिला कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा

****

कांग्रेस ने एक बार षड्यंत्र करके येदुरप्पा सरकार को बीच में ही गिरा दिया था, आप एक बार श्री येदुरप्पा जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को फिर से कर्नाटक में मौक़ा दीजिये, हम राज्य को देश के सबसे विकसित राज्यों में शुमार करेंगे

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी ने आज कर्नाटक के ईलकल (हुनगुंड विधानसभा, जिला बगलकोट) और टिकोटा (बबलेश्वर विधानसभा, जिला विजयपुरा) में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार पर कर्नाटक की जनता को विकास से वंचित रखने का पाप करने का आरोप लगाया। इससे पहले वे कुडल संगम में भगवान् बसवेश्वर ऐक्य स्थल गए और पूजा-अर्चना की।

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गांधी मोदी सरकार के चार साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रहे हैं लेकिन देश की जनता राहुल गांधी से कांग्रेस की चार पीढ़ियों का हिसाब मांग रही है।** उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की देश की जनता के बीच अपने विकास कार्यों का हिसाब देने की परंपरा रही है लेकिन अभी तो सिद्धारमैया सरकार को अपने पांच सालों का हिसाब राज्य की जनता को देना है। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार कर्नाटक के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले चार सालों में केंद्र की भाजपा सरकार ने इसे सिद्ध कर के दिखाया है।** उन्होंने कहा कि **आजादी के बाद कर्नाटक के विकास के लिए यदि किसी केंद्र सरकार ने 4 साल में सबसे अधिक काम किया है तो वह मोदी सरकार है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने कांग्रेस की यूपीए सरकार द्वारा 13वें वित्त आयोग में कर्नाटक को केन्द्रीय अनुदान के रूप में दिए गए 88,583 करोड़ रुपये की तुलना में 14वें वित्त आयोग में 2,19,506 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो कांग्रेस की यूपीए सरकार की तुलना में ढाई गुना अधिक है।** उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त मुद्रा योजना में 39,400 करोड़, स्मार्ट सिटी में 960 करोड़, अमृत मिशन के लिए 4,953 करोड़, स्वच्छ भारत अभियान के लिए 204 करोड़, अर्बन ट्रांसपोर्टेशन के लिए 239 करोड़, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 405 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 290 करोड़, बैंगलुरु मेट्रो के लिए 2,617 करोड़, रेलवे के विकास के लिए 2,197 करोड़ और सड़कों के निर्माण के लिए 27,482 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने कर्नाटक को केन्द्रीय अनुदान के रूप में दिये गये 219000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त विभिन्न परियोजनाओं में 80 हजार करोड़ रुपये अलग से दिये हैं लेकिन यह पैसा राज्य की जनता की भलाई के बजाय सिद्धारमैया सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।** उन्होंने कहा कि **केंद्र सरकार की योजनाओं को इम्प्लीमेंट करने में यदि कोई राज्य सरकार सबसे ज्यादा विफल रही है तो वह कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार की आंधी चल रही है और सिद्धारमैया भ्रष्टाचार के आरोपों को मैडल की तरह लटकाए हुए चुनाव प्रचार में घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता सिद्धारमैया सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और अब वह एक क्षण के लिए भी कांग्रेस सरकार को सत्ता में बने रहने देना नहीं चाहती।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **सिद्धारमैया सरकार के चार सालों में कर्नाटक में 3700 किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुए लेकिन किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए सिद्धारमैया ने कुछ भी नहीं किया।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने किसानों की भलाई और उनके जीवन-स्तर में सुधार लाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को फसल की लागत का डेढ़ गुना करने का निर्णय लिया है जो किसानों की आय को दुगुना करने में एक क्रांतिकारी कदम है।** उन्होंने कहा कि **इसके अतिरिक्त मोदी सरकार ने गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाओं**

का बेहतर लाभ दिलाने के लिए 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है जो एक ऐतिहासिक कदम है।

श्री शाह ने कहा कि **सिद्धारमैया सरकार के पिछले चार सालों में कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 24 से अधिक कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई लेकिन सिद्धारमैया सरकार शर्मनाक तरीके से चुप रही और हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं।** उन्होंने सिद्धारमैया को चुनौती देते हुए कहा कि **सिद्धारमैया जी, आप हत्यारों को जितना भी छुपाना चाहो लेकिन वे बचेंगे नहीं, आपकी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है, राज्य में येदुरप्पा सरकार के बनते ही हत्यारों को कानून के माध्यम से कड़ी सजा दिला कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गांधी सिद्धारमैया के भरोसे कर्नाटक में चुनाव जीतना चाहते हैं लेकिन वे खुद अपनी सीट छोड़ कर भाग गये, वे भला कांग्रेस पार्टी को क्या जिता पायेंगे?** उन्होंने कहा कि **जनता के कोप से डर कर सिद्धारमैया अपनी सीट बदल रहे हैं, वे चाहे जहां से भी खड़े हो जाएं, कर्नाटक की जनता उन्हें माफ़ नहीं करनेवाली है।** उन्होंने कहा कि **बादामी से भी सिद्धारमैया की हार तय है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **कर्नाटक की जनता सिद्धारमैया सरकार को बदलने का मन बना चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कर्नाटक में सशक्त येदुरप्पा सरकार का गठन तय है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस ने षड्यंत्र करके येदुरप्पा सरकार को बीच में ही गिरा दिया, आप एक बार श्री येदुरप्पा जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को फिर से कर्नाटक में मौक़ा दीजिये, हम राज्य को देश के सबसे विकसित राज्यों में शुमार करेंगे।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव